जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / जीविवि / परीक्षा–2 / गोपनीय / 2017 / 359 दिनांक : 11.04.2017

// अधिसूचना //

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम. / बी.एस.सी.(होम साइंस) षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा जून 2017 के परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने की प्रकिया प्रांरभ की जा चुकी है। इस हेतु समस्त सम्बंधित महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा षष्ठम सेमेस्टर के पूर्व के प्रथम से पंचम सेमेस्टर तक के अंको को संशोधित किये जाने हेतु एक लिंक प्रदान की जा रही है। जिसमें छात्रों के पूर्व के सेमेस्टरों के अंकों को सत्यापित करने एवं संशोधन करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

अतः समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य / सम्बंधित विभागाध्यक्ष परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय की ओर प्रेषित करने से पूर्व यह अवश्य सत्यापित करें की छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र पर पूर्व के सेमेस्टर के अंक सही दर्शाये गये है या नहीं ? सही अंक न भरने की स्थिति में यदि किसी भी प्रकार की कार्यवाही अथवा न्यायलयीन प्रकरण हेतु सम्पूर्ण जिम्मवारी महाविद्यालय की प्राचार्य / सम्बंधित विभागाध्यक्ष की ही होगी। विश्वविद्यालय उक्त त्रुटि हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।

साथ ही यह महाविद्यालय के प्राचार्य सम्बंधित विभागाध्यक्ष को यह भी निर्देशित करे की विश्वविद्यालय की ओर भेजे जाने वाली परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ छात्र के पूर्व के सेमेस्टर की अंकसूची को संलग्न कराये। जिससे छात्रों को आगामी होने वाली समस्याओं का सामना ना करना पड़े। पूर्व के सेमेस्टर की अंकसूची की छायाप्रति संलग्न न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें।

परीक्षा जैसे अत्यावश्यक कार्य में आपका सहयोग आपेषित है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपूड़ा भवन, भोपाल
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
3. कुलसिचव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
4. प्राचार्य, समस्त सम्बंधित महाद्यिालय सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)